कार्यालय प्राचार्य
(अग्रणी महाविद्यालय जिला एमसीबी)
शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मनेन्द्रगढ़, जिला — एमसीबी (छ.ग.)
College Code – 3703
E-mail – vivekanandcollage1973@gmail.com/vnpgcin@gmail.com
Website – www.vnpgc.in

दिनांक 14/10/2024

सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **'पीएम इंटर्नशिप योजना'** भारत सरकार की एक नई पहल और पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जोड़ी गई योजना है जिसका उद्देश्य देश में युवा बेरोजगारी दर को कम करना एवं युवाओं को व्यावसायिक कौशल व अनुभव प्रदान करके रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। इस योजना के तहत सरकार बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षित करेगी ताकि युवा रोजगार पाने में सक्षम और आत्मनिर्भर बन सकें। इंटर्नशिप के दौरान उन्हें हर महीने रू. 5000/ का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा जबकि इंटर्नशिप के शुरुआत में एकमुश्त रू. 6000 की वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। जिसमें से 4500 रुपए केंद्र सरकार द्वारा और रू. 500 कंपनी के सीएसआर फंड की ओर से दिया जाएगा। इसके अलावा योग्य एवं कुशल युवाओं को प्लेसमेंट का भी अवसर दिया जाएगा।

पात्रता

योजना में आवेदन करने वाले आवेदक की आयु 21 वर्ष से 24 वर्ष होनी चाहिए। उम्मीदवार के परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में कार्यरत नहीं होना चाहिए। पारिवारिक सालाना आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवार युवा पूर्णकालिक रोजगार में नहीं होना चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट https://pminternship.mca.gov.in/login/ पर जाकर मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की सहायता से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। वहीं अंतिम आवेदन 25 अक्टूबर तक स्वीकार जाएंगे।

27 अक्टूबर से 7 नवंबर के दौरान योग्य कैंडिडेट्स को शॉर्ट लिस्ट किया जाएगा इसके बाद इंटर्नशिप के लिए सिलेक्ट किए गए कैंडिडेट्स को 8 नवंबर से 15 नवंबर तक इंटर्नशिप में शामिल किया जाएगा और फिर 2 दिसंबर से इंटर्नशिप के कार्यान्वयन की शुरुआत होगी।

for PRINCIPAL
Govt. Vivekanand P.G. College
Manendragarh, Distt.-M.C.B.(C.G.)